तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 17 अप्रैल 2025

14 जैन मुनियों से मारपीट का डौंडी जैन समाज ने किया विरोध

13 सुशासन तिहार में प्राप्त लोगों के आवेदनों का समय-सीमा...

खबर संक्षेप

उच्च स्तरीय पुल निर्माण में मापदंडों की अनदेखी

गुरूर। ग्राम कुलिया के पास देवरानी जेठानी नाला राष्ट्रीय राजमार्ग 930 पर बन रहे उच्च स्तरीय पुल में निर्धारित मापदण्डों का पालन नहीं किया जा रहा है। वर्तमान में मार्ग से पुल तक एप्रोच रोड बनाने के लिए फिलिंग का कार्य चल रहा है, जिसमें निर्माण ठेकेदार द्वारा मुरूम के स्थान पर मिट्टी डाली जा रही है, यह स्थिति पुल के दोनों ओर के मार्ग में है।

दबंगई दिखाने वाले चार युवकों को पुलिस ने पकड़ा

भिलाई। शोभायात्रा के दौरान युवक शराब पीने के लिए रुपए की डिमांड कर रहे थे। इस दौरान आरोपियों ने युवक के पेट पर चाकू से हमला भी किया था। पुलिस चारों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि वार्ड 3 नाकापारा जामुल निवासी छोटू निर्मलकर हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शोभायात्रा निकाला था। शोभायात्रा दुर्गा मंदिर के पास पहुंचा ही था। इस दौरान श्रमिक नगर जामुल निवासी राजेश कुमार, शीतला पारा हथखोज सूरज पासवान, एफसीआई गोदाम के पास हथखोज चन्द्रप्रकाश ढीमर, शीतला पारा हथखोज थाना भिलाई तीन करन कुमार राजभर चारों पहुंचे। शराब पीने के लिए रुपए का डिमांड कर रहे थे। रुपए देने से इंकार करने पर छोटू के साथ हाथ मुक्के से मारपीट करने लगे। चाकू से युवकों ने पीड़ित के पेट पर वार कर फरार हो गए। सूचना पर पुलिस ने आरोपी राजेश, सूरज,चन्द्रप्रकाश, करन को गिरफ्तार किया।

एक साथ पले-बढ़े, अनहोनी ऐसी कि मौत के बाद चिता भी जली साथ

भिलाई। तांदुला नहर सेलुद के पानी के बहाव में डूबे दो दोस्तों के शव को एसडीआरएफ की टीम ने तीसरे दिन खोज निकाला है। दोनों का अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम दुर्ग में गमगीन माहौल में किया गया। सबसे अहम बात तो यह है कि बचपन से ही दोनों एक साथ खेले और स्कूल में भी साथ में पड़े। इन दोस्तों की नौकरी भी साथ में मंत्रालय में लगी। अनहोनी ऐसी थी कि दोनों की मौत भी साथ में हुई। मिली जानकारी के मुताबिक आनंद नगर धनोरा निवासी प्रहलाद यादव और कसारीडीह दुर्ग नंद किशोर ध्रुर्वे, आकाश चंद्राकर के साथ कार में घूमने के लिए धमतरी माता का दर्शन कर घर लौट रहे थे। रविवार देर शाम सेलुद नहर के पास पहुंचने पर आराम के लिए रुके और नंद किशोर, प्रहलाद नहर में उतर गए। अचानक प्रहलाद का पैर फिसल गया तब पानी के तेज बहाव के चलते डूब गए। जिसे बचाने के लिए नंद किशोर तेज बहाव में कूद गया।

ग्रामसभा में सरपंच, उप सरपंच और सचिव को घेरा, पुरुष वर्ग ने शराब भट्ठी खुलने का समर्थन किया

ग्रामसभा में शराब भट्ठी खोलने का विरोध, महिलाओं ने किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के ग्राम जगन्नाथपुर में मंगलवार को ग्राम पंचायत भवन में हुई ग्राम सभा की बैठक काफी हंगामेदार रही। बैठक में अवैध शराब बिक्री को बंद करवाने और गांव में सरकारी शराब दुकान खुलवाने को लेकर था। मामले मे ग्रामीण बंटे हुए नजर आए।

इस दौरान ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष और पूर्व जनपद सदस्य संतोष देशमुख ने कहा कि गांव में जो अवैध शराब बिक्री चल रही है, उसे बंद करवाने के लिए हम कई प्रयास कर चुके हैं। कई बार एसपी और कलेक्टर तक गए हैं, आंदोलन तक हुआ है। कुछ दिन कार्रवाई होती है। बालोद पुलिस द्वारा गिरफ्तारी होती है। फिर 15 दिन बाद शराब कोचिए खुलेआम शराब बेचने लग जाते हैं। यही वर्षों से होता आ रहा है। अवैध शराब बेच कर तो कोचिए सरकार से ज्यादा पैसे कमा रहे हैं। 80 रुपए में

मिलने वाले देसी पौवा को 150 रुपए तो शुष्क दिवस के दिन 200 रुपए तक में बेचा जा रहा है। इससे अच्छा यही है कि पंचायत में आबकारी विभाग के जरिए सरकार के नियमों के तहत शराब दुकान खुलवाने के लिए अनुमति दें, ताकि इससे पंचायत को भी आमदनी हो और अवैध रूप से जो बिक्री हो रही है उस पर भी अंकुश लग पाए। ग्राम सभा में कई महिलाएं एक स्वर में कहने लगी कि ना तो गांव में अवैध शराब बिकनी चाहिए और ना ही भट्ठी खुलनी चाहिए।

महिलाओं ने पंचायत सरपंच, उप सरपंच और सचिव की कुर्सी के पास जाकर घेरते हुए भी जमकर हंगामा किया और कहा भट्ठी नहीं खुलनी चाहिए और जो बेच रहे हैं उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। एक मदिरा प्रेमी कहने लगे कि यहां तो कोचिए घर पहुंच सेवा दे रहे हैं। फोन करने पर घर जाकर शराब छोड़कर आते हैं। 80 के पौवा को 150 और 200 तक में देते हैं। इससे अच्छा है गांव में सरकारी शराब दुकान खुल जाए, हम वही जाकर आराम से सरकारी रेट पर शराब पियेंगे।

गांजा बिक्री करने वालों पर भी लगे पाबंदी

जगन्नाथपुर की सरपंच देव कुंवर कोसिमा ने कहा कि हम गांव में शराब भट्ठी खोले जाने को लेकर सहमत नहीं है। अवैध शराब और गांजा बेचने वालों पर भी पाबंदी लगाने के लिए हम पूरा प्रयास करेंगे। हम चाहते हैं कि ग्रामीण भी खुलकर आगे आए और बेचने वालों की शिकायत करें। अवैध शराब बिक्री और गांजे पर पाबंदी अकेले पंचायत प्रशासन के बस की बात नहीं है। इसमें सभी ग्रामीणों का सहयोग जरूरी है। उपसरपंच मनोज सुकतेल ने कहा कि पंचायत शराब भट्ठी खोलने के लिए कोई अनुमति नहीं देगी।

पंचायत में खुले शराब भट्ठी

ग्राम सभा में मौजूद अधिकतर पुरुष वर्ग शराब भट्ठी खुलवाने के पक्ष में नजर आ रहे थे। हालांकि कुछ युवा इस बात को लेकर चिंता जाहिर करते दिखे कि शराब अवैध रूप से हो चाहे सरकारी दुकान खोलकर बेचा जाए, समाज और आने वाली पीढ़ी के लिए हानिकारक है। अगर गांव में शराब भट्ठी खुलती है तो इससे अपराध भी बढ़ेंगे। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा का भी खतरा रहेगा। उन्होंने कहा कि शराब भट्ठी बिल्कुल भी नहीं खुलना चाहिए। लोगों ने ग्राम सभा में खुलकर कहा कि 40 से 50 लोग ऐसे हैं जो अवैध शराब बिक्री में संलिप्त है। यह आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है। जगन्नाथपुर में अब गांजे की बिक्री भी शुरू हो चुकी है। नशाखोरी यहां जमकर हो रही है। छोटे–छोटे बच्चे और युवा भी नशे की चपेट में आ रहे हैं। पंचायत सचिव खिलेश सोनबोइर ने कहा फिलहाल शराब दुकान को लेकर हम कोई सहमति नहीं दे सकते। ग्राम सभा के कार्यवाही विवरण में भी पुरुषों के हस्ताक्षर ज्यादा है। उन्होंने इस संबंध में महिलाओं से राय लेने की बात कही।

रेत का अवैध खनन एक चेन माउंटने और दो हाईवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम पोंड में महानदी रेत खदान में प्रशासन एवं रेत माफिया के मध्य शह मात का खेल चल रहा है। लगातार दबिश व कार्रवाई के बाद भी रेत माफिया लगातार पोंड से रेत का खनन कर रहे हैं। बुधवार-गुरुवार की रात भी प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए एक चैन माउंटेन के साथ दो हाईवा को जब्त किया। अब तक तीन बार की कार्रवाई में दो चैन माउंटेन तथा दो हाईवा को जब्त किया जा चुका है।

■ खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने पोंड खदान में की कार्रवाई

जिले में विकासखण्ड के ग्राम पोंड का महानदी में स्थित रेत खदान अपनी उच्च गुणवत्ता के कारण सदा से ही रेत माफिया की गिरफ्त में रहा है। ऐसा पहली बार हो रहा है कि प्रशासन लगातार पोंड रेत खदान में दबिश देकर कार्रवाई कर रही है। पहली कार्रवाई में खनिज विभाग को कुछ हासिल नहीं हुआ था, लेकिन खनिज विभाग की अनुभवी आंखों ने स्थल में मिले चिन्हों से पोंड में हो रहे रेत खनन को ताड़ लिया था, दूसरी बार कार्रवाई में खनिज विभाग के साथ राजस्व एवं पुलिस विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक चैन माउंटेन को जब्त किया था। प्रशासन की लगातार कार्रवाई के बाद भी रेत माफिया लगातार ▶▶| शेष पेज 12 पर

संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने पोंड में कार्रवाई कर एक चैन माउटेंन व 2 हाईवा को जब्त किया है।

- शशांक सोनी, खनिज निरीक्षक

तीन साल बाद भरदा में प्रशासन ने हटाया अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम भरदा में तहसील प्रशासन तीन साल बाद पांच लोगों का अतिक्रमण तोड़ने मे सफल रही। यह सफलता प्रशासन को पांच बार की असफलताओं के बाद छठवें प्रयास में मिली। इससे ग्राम में अवैध रूप से जमीन की खरीदी बिक्री करने वाले वर्ग के कार्यों पर अंकुश लगेगा।

ग्राम भरदा में एक ग्रामीण महिला सरोजनी मानिकपुरी ने ग्राम के धनीराम आत्मज गुहरीराम, देवकुमार पिता सुखराम, उत्तम साहू पिता हीरालाल, परदेशी राम पिता भादूराम, चन्द्रहास पिता जेठूराम, सुखीराम पिता भादुराम के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई कि उन्होंने सरकारी भूमि पर कब्जा कर लिया है। मामले में सुनवाई के बाद 30 सितंबर 2022 को कब्जा हटाने का आदेश पारित किया गया। 6 अक्टूबर 2022 को पहली बार कब्जा हटाने टीम गई, लेकिन अतिक्रमणकारियों एवं ग्रामीणों की

■ छठवें बार मिली सफलता, इस बार कब्जा हटाने पूरी तैयारी से पहुंचा तहसील प्रशासन

भीड़ ने कब्जा हटाने नहीं दिया। दूसरा प्रयास 16 नवंबर 2022 को किया गया। तब भी वैसी ही स्थिति निर्मित हुई, 6 दिसंबर 2022 एवं 15 दिसंबर 2022 को बेदखली का पुनः प्रयास किया गया, हर बार भीड़ के विरोध के चलते कब्जा नहीं हटा।

इस मध्य 5 जनवरी 2023 को एसडीएम से अपील की गई, लेकिन 16 जून 2024 को यह अपील खारिज हो गई। उसके बाद 6 दिसंबर 2024 को कब्जा हटाने नोटिस जारी किया गया, उसके बाद 5 मार्च को पुनः तहसील प्रशासन कब्जा हटाने पहुंचा जो बैरंग लौट गया। तहसील प्रशासन ने जितनी बार भी कब्जा हटाने का प्रयास किया हर बार भीड़ ने उसका विरोध किया। इस कार्य के दौरान प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दे दिया था कि शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ कानून के तहत कार्यवाही की जाएगी, इससे अतिक्रमण तोड़ने वाले दस्ते को ज्यादा विरोध का सामना नहीं करना पड़ा एवं जो वर्ग लगातार आगे आकर अतिक्रमण तोड़ने का विरोध करते थे वे कही नजर नहीं आये। प्रशासन की इस कार्यवाही ने ग्राम भरदा सहित ग्राम धनोरा, धोबनपुरी, बोड़रा, पलारी के उन अतिक्रमणकारियों को कड़ा संदेश दिया है कि सरकारी घास भूमि को खरीदने, बेचने, अतिक्रमण करने वालों का खेल ज्यादा दिन नहीं चलेगा। सभी के खिलाफ कानूनन कार्रवाई की जाएगी।

कांग्रेस प्रतिनिधियों ने भाजपा पर साधा निशाना

ईडी, सीबीआई, आईटी सबको हथियार बना लिया भाजपा ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

पूर्व मंत्री प्रतिनिधि और प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पीयूष सोनी ने कहा कि नेशनल हेराल्ड केस में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ ईडी द्वारा चार्जशीट दाखिल करना भाजपा की हताशा और डर का खुला सबूत है। उन्होंने कहा कि ईडी अब सत्ता का पालतू औज़ार बन चुकी है, इसका लोकतांत्रिक व्यवस्था में कोई औचित्य नहीं बचा और इसे तत्काल भंग किया जाना चाहिए।

रतिराम कोसमा दल्लीराजहरा विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि राहुल गांधी जिस तीव्रता और स्पष्टता के साथ मोदी सरकार की विफलताओं को उजागर कर रहे हैं, उससे बौखलाई भाजपा सरकार ने अब ईडी को आगे कर विपक्ष की आवाज़ को कुचलने की साजिश

रची है। यह चार्जशीट नहीं, डर की चारदीवारी है। कांग्रेस ने करारा पलटवार करते हुए मोदी सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग का आरोप लगाया है।

ईडी, सीबीआई, आईटी- सबको हथियार बना लिया है भाजपा ने

शीबू नायर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा भाजपा सरकार यह सोचती है कि ईडी, सीबीआई और आईटी जैसी संस्थाओं का डर दिखाकर कांग्रेस को चुप करा देंगे, लेकिन कांग्रेस न पहले डरी थी न अब झुकेगी। हम देश की जनता की आवाज़ हैं और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर लड़ाई लड़ेंगे।

नेशनल हेराल्ड : आज़ादी की मशाल भाजपा की आँख की किरकिरी

रवि जायसवाल ने नेशनल हेराल्ड को कांग्रेस की बलिदानी विरासत बताते हुए कहा यह वही अखबार है जिसने भारत छोड़ो आंदोलन के समय अंग्रेजों की आंखों में आंखें डालकर क्रांति की मशाल जलाई थी। जब भाजपा के विचारक अंग्रेजों की चाटुकारिता कर रहे थे, तब कांग्रेस के नायक देश की आज़ादी के लिए जेलों में सड़ रहे थे। गांधी की हत्या से शुरू हुआ षड्यंत्र आज भी जारी है। उन्होंने कहा कि भाजपा और संघ की विचारधारा का असली चेहरा वही है, जो महात्मा गांधी की हत्या से उजागर ▶▶| शेष पेज 12 पर

मध्यम कुपोषित को सामान्य श्रेणी में लाने अफसर फील्ड में करें काम: मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग की मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने आज दुर्ग के सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्था, पोषण की गुणवत्ता और योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मंत्री ाजवाड़े ने कहा कि परियोजना अधिकारी नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करें। जिन केंद्रों में सुविधाओं की कमी है, वहां त्वरित कार्रवाई की जाए। बच्चों को मिलने वाला पोषण गुणवत्तापूर्ण हो, इसकी ज़म्मिेदारी अधिकारियों की है। उन्होंने 'पोषण ट्रैकर में 100 प्रतिशत एंट्री सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्व-सहायता समूहों के साथ समन्वय बढ़ाने की बात कही, ताकि उन्हें रेडी-टू-ईट, स्थानीय उत्पाद निर्माण एवं विपणन से जोड़ा जा सके और ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया जा सके।

खास बातें

- कुपोषित बच्चों पर विशेष फोकस करने के निर्देश
- मंत्री के साथ विधायक भी रहे शामिल, कहा अफसर फील्ड पर करे काम
- समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश

महिला एवं बाल विकास मंत्री ने ली समीक्षा बैठक, अफसरों को दिए निर्देश

नियुक्तियों की भी ली विस्तार से जानकारी

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि जिन क्षेत्रों में योजनाओं का क्रियान्वयन धीमा है, वहां जिला अधिकारी और परियोजना अधिकारी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदारी लें और कार्ययोजना बनाकर काम करें। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की नियुक्तियों की भी जानकारी ली, जिस पर बताया गया कि रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है।

जिले में 770 कुपोषित बच्चे

बैठक में बताया गया कि जिले में 770 गंभीर रूप से कुपोषित और 5669 मध्यम कुपोषित बच्चे हैं। इस पर मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने निर्देश दिए कि मध्यम कुपोषित बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर शीघ्र कार्रवाई की जाए। उन्होंने परियोजना अधिकारियों को कहा कि कार्यालयों तक सीमित न रहकर फील्ड में जाएं और जमीनी स्तर पर कार्य करें। इस समीक्षा बैठक में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव, एडीएम अरविन्द एक्का, जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे, एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

युवती ने की ठगी

भिलाई। सिम कार्ड का झांसा देकर ठगी करने के मामले में पुलिस ने ज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 420, 419 के तहत कार्रवाई किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि सडक नंबर 50 क्वा 9/अ जोन 2 खुर्सीपार निवासी रियाजुल होदा इलेक्ट्रीशियन है। ओम लॉज खुर्सीपार के पास एक युवती सिम बेच रही थी। युवती ने आधार कार्ड से लाईव फोटो व बायोमेट्रिक लेकर पीड़ित के जानकारी के बगैर अन्य को सिम आबंटित कर ठगी किया।

पांच जुआरी गिरफ्तार 92 हजार 270 रु बरामद

भिलाई। जुआ खेल रहे पांच जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने यश उर्फ नमनदीप के घर के छत पर बाबादीप सिंह कालोनी भिलाई में दबिश दिया। जहां से पुराना मछली मार्केट शिवाजी चौक प्रेमप्रकाश चौधरी, यश उर्फ नमनदीप, शर्मा कालोनी खजुर लाईन केम्प 2 पंकज, मिलन चौक केम्प 2 सचिन, विमलेश साव को पकड़ा गया। जुआरियों के पास से पुलिस ने कुल 92 हजार 270 रुपए और ताश पत्ती जब्त किया।

सिम पोर्ट के नाम पर ठगी

भिलाई। सिम पोर्ट कराने का झांसा देकर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420, 467, 468 भादवि, 66 (सी) आईटी, एक्ट एवं टेली कम्युनिकेशन एक्ट 42(3) (ए) के तहत जुर्म दर्ज किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि इंदिरा चौक स्टेशन मरोदा थाना नेवई निवासी ललित कुमार पारधी अप्रैल 2024 में एयरटेल का सिम बेचने वाला आरोपी आशीष मेंडेकर स्टेशन मरोदा में बेचने आया था। आरोपी के पास पीड़ित सिम पोर्ट कराने पहुंचा था। उसने आधार कार्ड व बायोमैट्रिक लेकर तकनीकी समस्या बता कर आधार कार्ड का दुरूपयोग कर ठगी किया।

बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

सेलूद। पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से महुदा सेक्टर के झीठ हॉस्पिटल में 33 बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण।

कलेक्टर ने किया आदेश जारी, खरीदी बिक्री और नामांतरण पर लगाई रोक

नई रेल लाइन परियोजना के लिए दो दर्जन गांव के जमीन की खरीदी-बिक्री पर लगा प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

परमालकसा से नया रायपुर होते हुए खरसिया तक प्रस्तावित नई रेल लाइन के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। भू-अर्जन की प्रक्रिया के पहले भूमि के बटांकन और छोटे टुकड़ों में अंतरण की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने मंगलवार को एक आदेश जारी कर दो दर्जन गांव की भूमि के अंतरण, बटांकन, व्यपवर्तन और भूमि के खरीदी-बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस आदेश के जारी होने के बाद वह माफियाओं में खलबली मच गई है।

उल्लेखनीय है कि, केंद्रीय रेल मंत्रालय ने परमालकसा से नया रायपुर होते हुए खरसिया तक नई रेल लाइन पर अपनी हरी झंडी दिखा दी है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर ने जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की है। जिसके पहले चरण खरीदी पर रोक में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने नई लाइन के लिए भूमि अधिग्रहित करने की प्रक्रिया तक 23 गांव की जमीन की खरीदी-बिक्री पर रोक लगाई है।

प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि भू-अर्जन प्रक्रिया के पहले भूमि का बटांकन, छोटे टुकड़ों में अंतरण एवं प्रयोजन में परिवर्तन के कारण इसकी लागत में अप्रत्याशित वृद्धि हो जाती है। जमीन दलाल और भू-माफियाओं द्वारा लाभ अर्जित किया जाता है। यही कारण है कि भूमि अर्जन प्रक्रिया के पहले प्रशासन ने यह आदेश जारी किया है। नई रेल लाइन को हरी झंडी मिलने के साथ ही पिछले कुछ दिनों से शहर के भू-माफिया प्रस्तावित रेल लाइन के समीप के गांवों में लगातार खरीदी-बिक्री में जुट गए थे। यही कारण है कि प्रशासन द्वारा प्रतिबंध का आदेश जारी किए जाने से जमीन दलालों और भू-माफियाओं में खलबली मच गई है।

तत्काल प्रभाव से लागू होगा आदेश

प्रस्तावित रेलवे लाईन की जानकारी होने के बावजूद कुछ लोग और दलाल बिना किसी वैध अनुमति या कानूनी जांच के जमीन के लेन-देन में लिप्त हो जाते है। इससे न केवल ग्रामीणों को भविष्य में समस्याओं का सामना करना पड़ता है, बल्कि इस महत्वपूर्ण सार्वजनिक परियोजना के क्रियान्वयन में भी बाधा उत्पन्न हो सकती है। उक्त रेलवे लाइन के अभिसरण क्षेत्र में आने वाली सभी भूमियों की खरीद-बिक्री पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने हेतु अनुरोध किया गया। छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता (संशोधन) अधिनियम 2024 छ.ग. राजपत्र में प्रकाशन द्वारा धारा 165, 172 एवं 178-ख के संशोधित प्रावधानों के अनुसार अपेक्षक निकाय से प्रस्ताव प्राप्त होने के पश्चात या अर्जन हेतु अधिसूचना जारी होने के पश्चात भू-अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि का खाता विभाजन, अंतरण, व्यपवर्तन प्रतिषिद्ध किया गया है।

दुर्ग में 13 और पाटन में 10 गांव होंगे प्रभावित

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा परियोजना नई रेलवे लाइन में प्रभावित पाटन अनुभाग के सम्मिलित ग्राम-ठकुराईनटोला, बठेना, देमार अरसनारा, नवागांव, देवादा, सांतरा, मानिकचौरी, बोहारडीह, फेकारी, धौराभाठा तथा दुर्ग अनुभाग के सम्मिलित ग्राम घुघसीडीह, खोपली, बोरीगारका, पुरई, कोकड़ी, कोड़िया, मानपुरी, चंदखुरी, कोनारी, चंगोरी, बिरेझर, थनौद कुल 23 ग्रामों के निजी भूमि का खाता विभाजन, अंतरण, व्यपवर्तन, खरीदी-बिक्री आदि को प्रभावित ग्रामीणों के हितों की रक्षा और परियोजना के कार्यान्वयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक अस्थायीरूप से प्रतिबंधित किया है।

बस स्टैंड का होगा विस्तार

विधायक ने अधिकारियों के साथ किया स्थल निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

स्थानीय बस स्टैंड का विस्तार होगा, बस में सफर करने वाले यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय सहित आधुनिक सुविधाए होंगी, बड़े शहरों के तर्ज बस स्टैंड का नवनिर्माण करने संबंधित शहर विधायक गजेन्द्र यादव, कलेक्टर अभिजीत सिंह, निगम आयुक्त ने विभागीय अधिकारी और इंजिनियर के साथ होने वाले विकास कार्य के लिए सभी पहलुओं पर स्थल निरिक्षण कर ले आउट बनाने निर्देश दिए। दुर्ग शहर के बरसों पुराने बस स्टैंड का कायाकल्प किया जाना है। लगातार बसों की बढ़ती संख्या और पुराने समय के अनुरूप बने बस स्टैंड को लेकर जनता द्वारा इसका विस्तार करने की मांग हो रही थी जिसे विधायक गजेन्द्र यादव ने संज्ञान में लिए और जिला मुख्यालय होने के कारण जिलेभर से बड़ी संख्या में आने जाने वाले यात्रियों की सुविधा का विस्तार करते हुए सभी आवश्यक कार्य किये जाने स्थल निरिक्षण कर आगामी समय के अनुसार प्लानिंग करके बस स्टैंड तैयार करने निर्देश दिए। उन्होंने कहा प्रदेश की भाजपा सरकार सभी क्षेत्रों में विकास करने निरंतर काम कर रही है। दुर्ग को विकसित शहर बनाने की दिशा में बस स्टैंड का विस्तार महत्वपूर्ण कदम होगा।

इंजीनियरों की टीम भी रही शामिल

इंजिनियरो की टीम ने बस स्टैंड के विस्तार में यात्रियों की सुविधा में क्या क्या बेहतर हो सकता है, नई व्यवस्था में दुर्ग से जाने वाले बसों के रूट अनुसार बस खड़े होने का निर्धारित स्थान रहेगा। यात्री प्रतीक्षालय, टॉयलेट, व्यापारीक काम्प्लेक्स रहेगा। स्थल निरिक्षण में विधायक गजेन्द्र यादव, कलेक्टर, एसडीएम, निगम आयुक्त, पीडब्लूडी, सिंचाई विभाग के इंजिनियर और अधिकारी उपस्थित रहे उन्होंने पीडब्लूडी और सिंचाई विभाग के लाइट मशीनरी और विद्युत यांत्रिकी कार्यालय के खाली स्थल का निरिक्षण किये। उक्त जमीन को अधिग्रहण करने और ले आउट बनाने निर्देश दिए। यात्री बसों की संख्या अधिक होने के कारण बस स्टैंड के भीतर नहीं जा पाते मुख्य मार्ग में बसे खड़ी रहती है जिसके कारण ट्रैफिक बढ़ने लगा है।

सुपेला थाना की घटना

रोबोस्ट प्रोटेक्टिव फार्मिंग सॉलूशन्स संचालकों ने की अमानत में खयानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

जमीन के नाम लोन दिलाने का झांसा देकर अमानत में खयातन करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 420,406,120 बी के तहत जुर्म दर्ज किया है।

सुपेला पुलिस ने बताया कि एसबीआई कालोनी प्लाट 137 निवासी यज्ञदत्त शर्मा खेती किसानी एवं माइनिंग का काम करता है। वर्ष 2021 रोबस्ट प्रोटेक्टिव फार्मिंग सॉलूशन्स के संचालक रानी शर्मा ,सुंधाशु शर्मा, हिमाशु शर्मा एस.बी.आई. कालोनी जुनवानी स्थित मकान में पॉली हाऊस, नेट हाऊस में सब्जी की खेती करने पर 5 लाख रुपए प्रति एकड़ प्रति साल किराया की बातचीत हुई थी। जमीन

पर लोन दिलाने का झांसा देकर ऋण पुस्तिका और दस्तावेज को बैकं के बंधक रख कर 90 लाख रुपए लोन सेक्सन कराया था। पीड़ित और आरोपियों के फर्म के मध्य एक अनुबंध हुआ था। बैंक आफ इडिया के टर्म लोनसे 63 लाख रुपए, बैक आफ इडिया से मार्जिंग मनी 15 लाख 40 हजार रुपए के कुल 78 लाख 40 हजार रुपए को रोबस्ट प्रोटेक्टिव फार्मिंग सॉलूशन्स के युको बैंक इंदिरा पैलेस सिविक सेन्टर के खाते में रुपए ट्रांसफर किया। रोबोस्ट प्रोटेक्टिव फार्मिंग सॉलूशन्स के द्वारा पॉली हाऊस एवं नेट हाऊस का निर्माण नही कराया गया। परेशान होकर पीड़ित ने अपनी रकम आरोपियों से लौटाने की बात कहीं तो 20-20 लाख के दो चेक दिया लेकिन खाता में रकम होने के बाद भी चेक को स्टोप पेमेन्ट कर चेक अनादरित किया गया। पीड़ित के बिना जानकारी के 10 लाख रुपए आरटीजीएस किया गया है। बचा राशि 68 लाख 40 हजार को रोबस्ट प्रोटेक्टिव फार्मिंग सॉलूशन्स के संचलाक रानी शर्मा , सुधाशु शर्मा, हिमाशु शर्मा के द्वारा पाली, नेट हाउस लगाने के नाम पर धोखाधड़ी की गई।

सरकारी कर्मचारियों के लिए बनेंगे नए आवास

दुर्ग। जिला प्रशासन के अधिकारियों और बीएसपी प्रबंधन की संयुक्त बैठक मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सांसद विजय बघेल भी सम्मिलित हुए। नगर निगम रिसाली एवं भिलाई नगर और नगर पालिका परिषद अहिवारा में विकास कार्यों में प्रगति लाने अधिकारियों के बीच सकारात्मक चर्चाएं हुई। बीएसपी प्रबंधन ने निगम के विकास कार्या हेतु हर संभव आवश्यक पहल करने का भरोसा दिलाया। बैठक में एजेंडा अनुसार जिला न्यायालय दुर्ग न्यायालय भवन एवं अधिकारी/कर्मचारी आवास हेतु भूमि आवंटन। आई.आई.टी. भिलाई के स्टॉफ आवास हेतु भूमि आबंटन। वर्किंग वामेन्स हॉस्टल के लिए भूमि आवंटन करने के संबंध में।

दुर्ग से राजधानी तक निकलेगी कांग्रेस की न्याय यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

राजीव भवन, दुर्ग में आज आगामी न्याय पदयात्रा को लेकर एक महत्वपूर्ण कांग्रेस बैठक आयोजित की गई। यह पदयात्रा 18 से 20 अप्रैल तक दुर्ग से रायपुर तक निकाली जाएगी और 21 अप्रैल को मुख्यमंत्री निवास घेराव किया जाएगा। बैठक में सभी विभागों और कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों को उनकी ज़िम्मेदारियाँ सौंप दी गईं। बैठक में दुर्ग शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस के सभी प्रमुख नेता, कार्यकर्ता एवं संगठन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने बैठक में भावनात्मक रूप से कहा कि ₹दुर्ग की बेटी को इंसाफ दिलाना केवल एक संघर्ष नहीं, बल्कि हमारी आत्मा की आवाज़ है। यह पदयात्रा सत्ता में बैठे लोगों को जगाने का प्रयास है, ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।₹ उन्होंने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से पदयात्रा में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में तय की गई इस पदयात्रा का उद्देश्य

- दुर्ग से रायपुर तक न्याय पदयात्रा की तैयारियां जोरों पर, कांग्रेस की बैठक राजीव भवन में हुई

प्रदेश में महिलाओं एवं बच्चियों के खिलाफ़ बढ़ते अपराधों के खिलाफ़ जनजागरण करना है। हर 5 घंटे में एक मासूम पर अत्याचार प्रदेश के वर्तमान हालात की भयावहता को दर्शाता है। बैठक में दुर्ग ग्रामीण जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर एवं दुर्ग शहरी जिलाध्यक्ष गया पटेल, पदयात्रा प्रभारी गुरुदयाल बंजारेश्री और सीमा वर्मा सहित कांग्रेस के सभी प्रमुख मोर्चों, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, पार्षदगण, पूर्व पार्षदगण, महिला कांग्रेस एवं ब्लॉक अध्यक्षगण— की सक्रिय उपस्थिति रही। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं में पूर्व महापौर आर. एन. वर्मा, पूर्व महापौर धीरेज बकलीवाल, जितेंद्र साहू, राजेंद्र साहू, दीपक दुबे, अल्ताफ अहमद, मुकेश चंद्राकर, परमजीत सिंह भुई, प्रेमलता साहू, राजकुमार पाली, संदीप वोरा, पप्पू श्रीवास्तव, आसिफ अली, राय सिंह ढिकोला, फतेह सिंह भाटिया, संजय कोहले, उषा ठाकुर, बृजमोहन तिवारी, सौरभ ताम्रकार, जामुना साहू, शकुंतला धिमार, पिंकी झा, श्रद्धा सोनी, विकास सपेकर, निकिता सिंह, रत्ना नरमदेव, आनंद कपूर ताम्रकार, मंदीप भाटिया, निकिता मिलिंद, बृजेंद्र भारद्वाज, अनुप पाटिल, राजकुमार साहू समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

सेवाभावी कार्यों के पूरे किए 3 हजार दिन, सेवा दिवस को यादगार बनाने पहल

19 को मानव सेवा के साथ पशु-पक्षियों के लिए रखेंगे सकोरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

जन समर्पण सेवा संस्था दुर्ग ने जरुरतमंदो को निःशुल्क भोजन सेवा के अलावा अन्य सेवाभावी कार्यों के 3 हजार दिन याने 8 वर्ष 3 माह का लंबा समय पूर्ण कर लिया है। इन सेवा कार्यों की खास बात रही कि यह सेवा कार्य 3 हजार दिनों में एक दिन भी कभी थमा नहीं। सेवा कार्यों में बराबर निरंतरता

- 40 युवा सदस्यों का यह सेवाभावी कार्य छग में अपने तरह का अनोखा बनाया रिकार्ड

रही। संस्था के कुल 40 युवा सदस्यों का यह सेवाभावी कार्य छत्तीसगढ़ में अपने तरह का अनोखा रिकॉर्ड है। जो मानव सेवा की बड़ी मिशाल है। सेवा के इन 3 हजार दिनों को यादगार बनाने जन समर्पण सेवा संस्था द्वारा 19 अप्रैल को मानव सेवा के साथ-साथ पशु-पक्षियों की सेवा करने का भी निर्णय लिया गया है। इस सेवाभावी कार्य के लिए पुराना बस स्टैण्ड में दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक भव्य कार्यक्रम का आयोजन

किया गया है। जिसमें भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों की चिंता करते हुए संस्था द्वारा उनके दाना-पानी के लिए शहर के पूरे 60वार्डों में प्रति वार्ड 8 नग कोटना और करीब 70 नग सकोरे का वितरण किया जाएगा। इसके लिए 450 की संख्या में कोटना और 4 हजार की संख्या में सकोरे तैयार करवाए गए है। जन समर्पण सेवा संस्था द्वारा इस सेवाभावी कार्य में पार्षदों की भी भागीदारी सुनिश्चित की गई है। कार्यक्रम में विधायक, महापौर और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। जिनके हाथों से पार्षदों को वार्डों के लिए कोटना व सकोरे प्रदान किए जाएंगे। जन समर्पण सेवा संस्था का मानना है कि भूखे को भोजन करवाना सबसे बड़ा मानव धर्म है। इस धर्म को इंगित करते हुए जन समर्पण सेवा संस्था द्वारा शुरू की गई भोजन सेवा एवं गौ सेवा आज पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणादायी बन गई है। कोई भूखा ना सोए इस अनुकरणीय पहल के साथ 1 जनवरी 2017 से आज तक बिन रुके बिना किसी दिन नागा के प्रतिदिन दुर्ग रेल्वे स्टेशन एवं शहर के विभिन्न स्थानों में करीब 150-200 जरूरतमंद गरीब, असहाय, दिव्यांगजनों को संस्था द्वारा भोजन निरंतर करवाया जा रहा है। इस कार्य में संस्था के युवा साथियों के साथ अन्य स्वयंसेवक, धार्मिक एवं सामाजिक संस्था भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। संस्था के इस नेकी कार्य में शहर एवं प्रदेश के दानदाता भी सहयोग देकर इस पुनीत कार्य का हिस्सा बन रहे है।

संस्था का 3 हजार दिवस पूरा

इस संबंध में मंगलवार को मीडिया से चर्चा में जन समर्पण सेवा संस्था के प्रमुख योगेन्द्र शर्मा (बंटी) ने बताया कि संस्था के सेवा कार्य को शुरू किए 3000 दिवस पूर्ण हो गए है। जिसमें प्रतिदिन दुर्ग रेल्वे स्टेशन में एक साथ सभी गरीब, असहाय, विकलांगजनों को भोजन कराया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन भोजन के लिए आने वाले जरूरतमंद जब यहां पर भोजन कर जाते हैं तो दुआएं व आशीर्वाद दिए बिना नहीं रहते। ये दुआएं व आशीर्वाद यहां सेवा दे रहे लोगों में ऊर्जा का कार्य कर रहा है। इस सेवा कार्य में आमजन की भागीदारी निरंतर बढ़ती जा रही है। योजना शुरू करने के बाद से दानदाताओं का सहयोग निरंतर मिल रहा है।

यह भी कार्य किए गए

इस सेवा के शुरू होने के बाद से रोजाना यहां लोग जरूरतमंद के बीच आकर उन्हें भोजन कराकर अपने खुशियों को दोगुना करते हैं। श्री शर्मा ने बताया कि 1 जनवरी 2017 से प्रारंभ की गई यह सेवा को तीन हजार दिन पूर्ण हो गए है। इस 3000 दिनों में संस्था द्वारा सभी के सहयोग से प्रतिदिन लगभग 150 से 200 गरीब, असहाय, एवं जरूरतमंदों को भोजन के साथ साथ साबुन, निरमा, तेल, दवाई. दूध, बिस्किट, कपड़ा एवं विकलांगों को ट्रायसिकल, बैशाखी, व्हीलचेयर, कम्मोट चेयर, ठंड से बचने के लिए कम्बल, कपडे, बर्तन एवं अन्य सामाग्री निशुल्क वितरण करते आ रही है। इन 3000 दिनों में संस्था द्वारा 96 बैसाखी, 53 ट्रायसिकल और लगभग 4800 से अधिक कम्बल वितरण किया जा चुका है। संस्था द्वारा शहर में पशु-पक्षियों के दाना-पानी के लिए घरों की छत में रखने के लिए लगभग 3 हजार से अधिक साकोरे एवं शहर के प्रमुख 300 स्थानों में कोटना रखा जाएगा। गौ माता को दुर्घटना से बचाव के लिए 1 हजार से ज्यादा रेडियम पट्टी संस्था द्वारा गौ माता के गले में पहनाई गई है। दीपावली पर्व में नए कपड़े, साड़ी, मिष्ठान, बच्चों को पटाखा, होली में रंग गुलाल एवं अन्य सभी पर्वों में उपयोग की जाने वाली जरूरत की सामग्री का वितरण कर खुशियां बांटी गई है।

पेज 11 के शेष

रेत का अवैध खनन एक ...

रेत खनन करने में लगे थे। बुधवार-गुरूवार की दरम्यानी रात्रि में एक बार पुनः संयुक्त टीम ने पोंड खदान में दबिश दी एवं खदान में एक चैन माउटेंन व दो हाईवा क्रमांक सीजी 24 टी 8860 एवं सीजी 24 यू 9599 को जब्त किया है। लगातार प्रशासन की दबिश व कार्रवाई के बाद भी रेत माफिया द्वारा रेत खदान में मशीन उतारकर पूरी दबंगई से रेत खनन के मामले में जब पड़ताल की गई तो पता चला कि यह सब कथित तौर पर ग्रामीणों के संरक्षण में हो रहा है। ग्रामीणों द्वारा प्रशासन की कार्रवाई के दौरान व्यवधान डाला जाता है, इस बात की पुष्टि एक जिम्मेदार अधिकारी ने चर्चा के दौरान दबी जबान से की। पड़ताल के दौरान एक चौकाने वाली बात यह भी सामने आई है कि एक रेत ठेकेदार रेत खदान को 20 लाख में दे दिया है, अभी तक इसकी किसी ने पुष्टि नहीं की है। सच्चाई क्या है यह तो जांच में ही स्पष्ट हो सकेगा, लेकिन यह दावा इसलिए भी सही प्रतीत होता है, क्योंकि जब जब प्रशासन कार्रवाई करता है ठीक दूसरे दिन रेत माफिया मशीन उतारकर बड़े पैमाने पर रेत खनन करते हैं। ऐसा लगता है कि पोड की रेत खदान में अवैध रेत खनन प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बनते जा रहा है।

ईडी, सीबीआई, आईटी सबको ...

हुआ था। आज उसी षड्यंत्र को आगे बढ़ाते हुए वे कांग्रेस की विरासत को मिटाने और उसके प्रतीकों को बदनाम करने की चालें चल रहे हैं।

सत्य के मार्ग पर हैं सोनिया-राहुल, यह अग्निपरीक्षा उन्हें और ओजस्वी बनाएगी

कृष्णा दुबे वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि सत्य की लड़ाई कभी नहीं हारती। राहुल गांधी और सोनिया गांधी देश की आत्मा की लड़ाई लड़ रहे हैं, और यह अग्नि परीक्षा उन्हें और अधिक तेजस्वी बनाकर उभारेगी। भाजपा झूठ फैला सकती है, पर सत्य को हिला नहीं सकती। कांग्रेस न रुकेगी, न झुकेगी - बस लड़ेगी और जीतेगी।

खबर संक्षेप

आयुक्त पांडेय ने नहर पानी का किया निरीक्षण

भिलाई। तांदुला जलाशय से नहर के लिए पानी छोड़ा गया है। जो बड़ी नहर से जुड़े हुए छोटे-छोटे नहर के माध्यम से निगम भिलाई क्षेत्र के छोटे बड़े लगभग 22 तालाब भरे जाते है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त येशा लहरे एवं अन्य अधिकारियों के साथ नहर पानी एवं अन्य निर्माण कार्य का निरीक्षण करने गए। नहर पानी की निकासी कैसे हो रही है, तालाबों तक बराबर पानी पहुंच रहा है की नहीं, रास्ते में अगर कहीं पर लिकेज है, तो उसे भी दूर किया जा रहा है। तालाबों के भर जाने से उस क्षेत्र का जल स्तर बढ़ जाता है, बोर में पानी आ जाता है और निस्तारी के लिए सबको पानी मिलने लगता है। हुड़को क्षेत्र से आने वाले नहर पानी से जोन-01 नेहरू नगर क्षेत्र का तालाब भरना शुरू हो गए है, जिसमें प्रमुख रूप से हुड़को तालाब, भेलवा तालाब नेहरू नगर, स्मृति नगर तालाब, जुनवानी तालाब, खम्हरिया तालाब, आमा तालाब, शीतला मंदिर तालाब आदि तालाबों तक पानी पहुंच गया है।

स्टंटबाजी करने वाले बाइकर्स पर पुलिस ने कसा शिकंजा

भिलाई। शहर की सड़कों पर स्टंटबाजी करने वाले बाइकर्सो के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस के पास एक वीडियों पहुंचा, जिसमें युवक बाइक को स्टंटबाजी करते दिख रहा था। पुलिस ने युवक की खोजबीन करने के बाद उसके खिलाफ कार्रवाई कर दो हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की है। ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि सड़क पर ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। सड़क पर कभी बाइकर्स स्टंट न दिखाए बल्कि नियमों का पालन कर वाहन चलाए।

अवैध शराब की बिक्री रोकने विधायक ने दिया एक हफ्ते का अल्टीमेटम

भिलाई। वैशाली नगर विधानसभा के सभी 37 वार्डों में विधायक रिकेश सेन का डोरटूडोर कैंपेन मंगलवार को शुरू हुआ। वे सुबह जुनवानी और खम्हरिया की गलियों में स्कूटी से पहुंचे। इस दौरान निगम के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। खम्हरिया वार्ड में सड़क, सफाई, पेयजलापूर्ति से संबंधित परेशानियों की जानकारी ली। साथ एक हफ्ते के भीतर शिकायतों के निराकरण के लिए अधिकारियों को अल्टीमेटम दिया। इसमें लोगों ने अवैध शराब बिक्री, सड़क के निर्माण, लाइट की समस्या से अवगत कराया।

घरौंदा आश्रय गृह, नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र का मंत्री राजवाड़े ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

समाज कल्याण विभाग मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने अपने बालोद प्रवास के दौरान समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संस्थानों के बेहतर संचालन हेतु आवश्यक दिशानिर्देश भी दिए।

मंत्री राजवाड़े ने जिला मुख्यालय स्थित घरौंदा आश्रय गृह, प्रशामक देख–रेख गृह तथा एकीकृत नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया। राजवाड़े ने घरौंदा आश्रय गृह में रसोई कक्ष, शयन कक्ष तथा बच्चों के मनोरंजन के लिए की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। मंत्री राजवाड़े ने आश्रय गृह के बच्चों से बातचीत कर उनका हालचाल भी जाना। इस दौरान उन्होंने बच्चों को फलों का वितरण भी किया। इसी तरह जिला मुख्यालय स्थित प्रशामक देख–रेख गृह में वृद्धजनों से भी उनका हालचाल जाना। उन्होंने प्रशामक गृह में वृद्धजनों के रहने के लिए की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन भी किया।

उन्होंने प्रशामक गृह के शयन कक्ष, रसोई कक्ष तथा वृद्धजनों के समय–समय पर स्वास्थ्य जाँच आदि के संबंध में भी जानकारी ली तथा बीमार वृद्धजनों के इलाज की शीघ्र व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने प्रशामक देख–रेख गृह के संचालनकर्ताओं को प्रशामक गृह के सुचारू संचालन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

बच्चों के मनोरंजन के लिए की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया

नशापान से दूर रहकर रचनात्मक कार्यों में निभाएं भागीदारी

इस मौके पर समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 20 स्थित एकीकृत नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने एकीकृत नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में भर्ती लोगों से बातचीत कर उन्हें नशापान से दूर रहकर रचनात्मक कार्यों में अपनी भागीदारी निभाने को कहा। उन्होंने पुनर्वास केन्द्र में कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी का अलवोकन किया। उन्होंने एकीकृत नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में शयन कक्ष, रसोई कक्ष तथा अन्य केन्द्र के संचालन हेतु की गई व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। इस दौरान मंत्री राजवाड़े ने जिला चिकित्सालय परिसर स्थित सखी वन स्टॉप सेंटर का भी औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने वहाँ उपलब्ध सुविधाओं, कार्यरत कर्मचारियों तथा विभिन्न प्रकरणों की स्थिति के संबंध में सखी वन स्टॉप सेंटर के संचालिका से जानकारी ली। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव शम्मी आबिदी, संचालक जनमेजय महोबे, समाज कल्याण विभाग के संचालक रोक्तिमा यादव सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

बैठक : कलेक्टर ने बैठक में विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश

सुशासन तिहार में प्राप्त लोगों के आवेदनों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने सभी विभाग प्रमुखों को सुशासन तिहार के अंतर्गत अपने-अपने विभागों से संबंधित प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समुचित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में उपस्थित अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि तीन चरणों में संपन्न होने वाले सुशासन तिहार राज्य सरकार का अत्यंत महत्वपूर्ण एवं विशेष प्राथमिकता वाले कार्य है। इसलिए इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं असावधानी का बिल्कुल भी गुंजाईश नही है।

बैठक में चन्द्रवाल ने सुशासन तिहार के अंतर्गत विभागवार प्राप्त आवेदनों के संख्या के संबंध में जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक, नूतन कंवर एवं अजय किशोर लकरा सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में चन्द्रवाल ने विभागवार प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए सभी विभाग प्रमुखों को प्राप्त आवेदन पत्रें के निराकरण हेतु तत्काल कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए। उप संचालक समाज कल्याण विभाग से वृद्धावस्था एवं दिव्यांग पेंशन आदि के संबंध में प्राप्त आवेदन पत्रें के निराकरण हेतु की जा रही कार्रवाई के संबंध में जानकारी लेते हुए इसके निराकरण हेतु शीघ्र कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को आवेदनों के निराकरण की जानकारी संबंधित आवेदकों को अनिवार्य रूप से देने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास अधिकारी को महतारी वंदन योजना के लाभ हेतु प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते समय इसके लिए निर्धारित पात्रता एवं दस्तावेजों का उचित परीक्षण कर इसका निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी तरह लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए पेयजल समस्या से संबंधित मांगों एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सुशासन तिहार के अंतर्गत नियुक्त सेक्टर अधिकारियों को भी नियमित रूप से अपने–अपने सेक्टर में शामिल गांव का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति की जानकारी लेने को कहा। चन्द्रवाल ने अधिकारियों को जिला स्तर पर निराकरण होने योग्य प्रकरणों का निराकरण जिला स्तर पर करने तथा राज्य स्तर पर निराकरण होने योग्य प्रकरणों को तत्काल राज्य शासन को प्रेषित करने के निर्देश भी दिए।

मंत्री राजवाड़े के प्रवास के दौरान दिए निर्देशों के पालन में करें तत्काल कार्यवाही

बैठक में चन्द्रवाल ने महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा आज अपने बालोद जिले के प्रवास के दौरान दिए गए निर्देशों के पालन हेतु की जा रही कार्रवाई के संबंध में भी जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी से जानकारी ली। चन्द्रवाल ने महिला एवं बाल विकास मंत्री द्वारा आज जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न संस्थानों के निरीक्षण के दौरान व्यवस्था में सुधार हेतु दिए गए निर्देशों के पालन हेतु तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश भी विभाग के अधिकारियों को दिए।

पंचायत सचिवों की हड़ताल को कांग्रेस ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

सचिव संघ गुण्डरदेही ब्लाक इकाई स्तर पर विगत एक माह से धरना प्रदर्शन कर रहे पंचायत सचिवों की हड़ताल को कांग्रेस ने समर्थन दिया है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही के अध्यक्ष भोजराज साहू, पूर्व सरपंच चुकेश्वर साहू, महामंत्री मोंटू चंद्राकर, युवा कांग्रेस महासचिव रिजवान तिगाला, अभिषेक यादव, विधानसभा अध्यक्ष उस्मान रजा, बेनीराम यदु समर्थन देने धरना स्थल में पहुंचे।

- ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भोजराज सहित कई पदाधिकारी धरनास्थल पहुंचे

ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भोजराज ने कहा कि मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने की बात कर सत्ता में आई है, जुलाई 2024 में इस पर एक कमेटी का गठन भी किया था, लेकिन आज तक इनका घोषणा अधूरी ही है। हड़ताल के वजह से आज 2 माह में भी नवनिर्वाचित सरपंच प्रभार नहीं ले पाए हैं, जिससे सभी विकास कार्य ठप पड़े हैं। गांवों में भीषण जलसंकट हो गया है, लेकिन राशि आहरण नहीं कर पाने के कारण सरपंच बेबस हो गए हैं। सुशासन तिहार भी हो गया, जिसमें ग्रामीणों द्वारा कई सारी शिकायतें की गई हैं, जन्मप्रमाण पत्र से लेकर आय, जाति, विवाह, मृत्यु प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित राशन कार्ड से सम्बंधित कई तरह के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। कांग्रेसियों ने राज्य सरकार से मांग की है कि अतिशीघ्र पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किया जाए, अन्यथा कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ेगी।

शहीद दुर्वासा निषाद महाविद्यालय में मनाई गई डॉ. आम्बेडकर जयंती

डॉ. आंबेडकर ने विषम परिस्थितियों का सामना कर हासिल की उच्च शिक्षा

बालोद/अर्जुन्दा। डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय, अर्जुन्दा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्रेरणास्पद आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात मंचस्थ वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन के तीन स्तंभ शिक्षा, संघर्ष और संकल्प पर क्रमबद्ध व विस्तृत विचार रखे।

संस्था प्रमुख डॉ. सोमाली गुप्ता ने डॉ. अंबेडकर के शैक्षणिक संघर्ष को रेखांकित करते हुए कहा एक ऐसे समय में जब समाज में विषमता की दीवारें ऊंची थीं, तब बाबा साहब ने शिक्षा को अपना हथियार बनाया और विश्व की शीर्ष संस्थाओं से डिग्रियां प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया कि ज्ञान से बड़ा कोई वर्ग नहीं होता। कार्यक्रम अधिकारी किशोर कुमार टंडन ने भारतीय संविधान निर्माण में अंबेडकर की भूमिका को याद करते हुए कहा न केवल संविधान की रचना की, बल्कि भारत को सामाजिक न्याय, समानता और धर्मनिरपेक्षता की मजबूत नींव दी। उनका संविधान आज भी दुनिया के सबसे प्रगतिशील दस्तावेजों में गिना जाता है।

स्वयंसेवक दानेश्वर सिन्हा और यशवंत टंडन ने कहा कि बाबा साहब का जीवन हमें सिखाता है कि परिस्थितियां चाहे जैसी भी हो, संकल्प यदि अडिग हो तो हर असंभव को संभव बनाया जा सकता है। इस अवसर पर डुलेश्वरी यादव, चंद्रप्रभा साहू, पायल यादव, संगीता सिन्हा, उमा सिन्हा, लीना देवांगन, राकेश कुंभकार, प्रियांचल, अनमोल, डुमेंद्र एवं अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित थीं।

पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाकर इस समस्या का स्थायी समाधान आवश्यक

ग्राम अंडा के आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण पखवाड़ा का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

कुपोषण मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ग्राम अंडा के आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी पोषण अभियान' के अंतर्गत किया गया, जिसका उद्देश्य जन-सामान्य में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और कुपोषण की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करना है।

इस पखवाड़े के तहत जिले व ब्लॉक व ग्रामीण स्तर पर संतुलित आहार, एनीमिया की रोकथाम, गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली माताओं के पोषण, शिशु एवं किशोरियों के स्वास्थ्य जैसे अहम विषयों पर समुदाय को जागरूक किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य न केवल जानकारी प्रदान करना है, बल्कि व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाकर कुपोषण को स्थायी रूप से समाप्त करना है। पोषण पखवाड़ा अंतर्गत आंगनबाड़ी के कार्यकर्ताओं द्वारा गर्भवती माताओं, धात्री महिलाओं एवं बच्चों द्वारा गर्भवती माताओं को गर्भावस्था में पोषण स्वास्थ्य देखभाल एवं जन्म के प्रथम 06 माह में केवल स्तनपान कराने तथा कुपोषण से बचाव जैसी आवश्यक जानकारियों से अवगत करवाया गया। खून की कमी को दूर करने के लिए आयुष औषधि और पोषण आहार का सेवन करना चाहिए। स्वस्थ रहते हुए व्यक्तिगत साफ-सफाई का भी ध्यान रखना चाहिए। साथ ही गर्भावस्था के दौरान आयरन एवं कैल्शियम की दवाइयों के उपयोग का विशेष महत्व भी समझाया गया।

इस अवसर पर गर्भवती व धात्री माताओं को उचित पोषण स्तर के संबंध में परिवार को जागरूक किया गया। कार्यक्रमों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारीएवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आगामी दिनों में पोषण रैली, जनसंवाद, पोषण आधारित खेल-कूद व जागरूकता शिविर जैसे आयोजनों के माध्यम से पूरे जिले में पखवाड़ा निर्धारित कार्यक्रम के तहत मनाया जा रहा है।आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शकून साहू, दीपिका चौहान, तारिणी ढीमर व जुलेखा बेगम द्वारा जानकारी गई।

अति गंभीर कुपोषित बच्चे रेडी टू ईट से हुए सुपोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

महिला एवं बाल विकास विभाग कुपोषण को दूर करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। अजय कुमार साहू जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी जिला दुर्ग ने बताया कि कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायत बनाने हेतु विशेष कार्ययोजना बनाई गई है।

इस कार्ययोजना के तहत सभी कुपोषित बच्चों के यहां प्रभावी गृहभेंट करने के निर्देश दिए गए। एकीकृत बाल विकास परियोजना पाटन जिला दुर्ग के कुपोषण मुक्ति हेतु चयनित ग्राम पंचायत असोगा के आंगनबाड़ी केंद्र असोगा केंद्र क्रमांक 1 की कहानी है, जिसमें कुपोषित बच्चे आज सुपोषित होकर स्वस्थ्य तथा निरोगी है। पिता हेमंत जांगड़े और माता पूर्णिमा जांगड़े ग्राम असोगा के दो जुड़वा बच्चे लड़का ईशान जिसका वजन जन्म के समय मात्र 1.5 किलोग्राम और लड़की इशानी का वजन मात्र 1.4 किलोग्राम था, जिसके कारण वे दोनों बच्चे अतिगंभीर कुपोषण के शिकार थे। एसएएम होने के कारण बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास सही तरीके से नहीं हो रहा था। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर के सतत निगरानी में रहे एवं पोषण युक्त भोजन, रेडी टू इट का नियमित सेवन और घर में ही निर्मित खाद्य पदार्थों के इस्तेमाल और कार्यकर्ता राधा देवांगन के लगातार सतत गृहभेंट से आज दोनों ही बच्चे सुपोषित हो गए है। 6 माह बाद ऊपरी आहार जिसमें रेडी टू ईट से बने लड्डु, दलिया, फल, भाजी खाने की सलाह दी, ताकि बच्चों को जरूरी पोषक तत्व मिल सके। पर्यवेक्षक कंचन माहेश्वरी ने भी नियमित निगरानी और समय समय पर वजन ऊंचाई लेकर ग्रोथ चार्ट द्वारा माता-पिता को पोषण सलाह दी। आज यह बच्चे कुपोषण से बाहर है और एकदम स्वस्थ हैऔर अभी ईशान का वजन 8.2 किलोग्राम और ऊंचाई 74 सेमी तथा इशानी का वजन 7.5 किलोग्राम एवं ऊंचाई 72 सेमी है। दोनों बच्चे अभी 1 वर्ष 2माह के है ।आज दोनों जुड़वा बच्चे के माता पिता बच्चे के सुपोषित होने से बहुत खुश है ।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स बच्चों को सिखाता है अनुशासन का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स बच्चों को आत्मविश्वास, आत्मरक्षा, स्वावलंबन और देश, समाज सेवा के साथ स्काउटिंग अनुशासन से अपना कर्तव्य करना भी सिखाता है। उक्त उदगार छत्तीसगढ़ भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा राज्य स्तर पर आयोजित हिमालय वुड बैज एक दिवसीय कार्यशाला के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के आसंदी से केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने व्यक्त की।

कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ की स्काउटिंग गतिविधियां विभिन्न कार्यक्रम और शिविरों के माध्यम से गतिशील है, चाहे प्रशिक्षण शिविर हो, हाइक हो, एडवेंचर कैंप हो या राज्यपाल अवार्ड हो। जिला स्तर से राज्य स्तर तक और राष्ट्रीय स्तर पर भी छत्तीसगढ़ की स्काउटिंग गतिविधियों को बढ़ावा मिला है और बच्चे इनमे सहभागी होकर अवार्ड प्राप्त कर रहे हैं।

ज्ञात हो कि इस शिविर में ऑनलाइन विभिन्न पंजीयन, प्रगतिपथ, स्काउटिंग में होने वाले नई शिक्षा नीति के तहत विषय, राज्य पुरस्कार की तकनीकी जानकारी, स्काउटर, गाइडर विकासात्मक जानकारी, आगामी दिनों में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी, जिला स्तर पर की समस्याओं को राज्य कार्यकारिणी में रखना आदि विषय पर चर्चा हुई। बालोद जिला सहित छत्तीसगढ़ राज्य के 32 जिला से 200 प्रमुख डिग्रीधारी हिमालय वुड बैज स्काउटर, गाइडर, प्रशिक्षक बिलासपुर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित इस एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए हैं।

इस सेमिनार में बालोद जिले से डीओसी स्काउट बालोद नेमसिंह साहू, विकासखंड सचिव सेवाराम प्रेमन, डौंडी लोहारा छगन बंसोर शामिल हुए। कार्यकम का संचालन राज्य प्रशिक्षण आयुक्त शैलेन्द्र मिश्रा और राज्य संगठन आयुक्त विजय यादव, राज्य समन्वयक ऑन लाइन पंजीयन दिलीप पटेल ने किया, आभार राज्य सचिव कैलाश सोनी ने व्यक्त किया।

खबर संक्षेप

गणित की उपयोगिता से वाकिफ हुए छात्र

अर्जुनी। स्थानीय नवीन महाविद्यालय में बुधवार को प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के निर्देशन में अंतर्विभागीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। गणित की अतिथि व्याख्याता हनी ठक्कर ने छात्र-छात्राओं को दैनिक जीवन में गणित की उपयोगिता, महत्व तथा प्रतियोगी परीक्षा में सफलता के लिए गणित की तैयारी के संबंध में विस्तार से बताया। इसी क्रम में वनस्पति विभाग के अतिथि व्याख्याता हेमशंकर साहू ने छात्र-छात्राओं को पौधों के संरचनात्मक एवं कार्यात्मक भागों की जानकारी के साथ पौधों की विविधता और औषधीय पौधों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं शामिल हुए।

लक्ष्मी और रितु कक्षा में प्रथम

घुमका। मुरमुंदा हाईस्कूल में गत दिनों कक्षा 9 वीं एवं 11वीं की परीक्षा के परिणाम घोषित किया गया। सरपंच मोंगरा वर्मा, उपसरपंच उमा नवरंगे, केवल वर्मा, हेमंत वर्मा, सुरेखा वर्मा एवं पालकों की उपस्थिति में छात्र छात्राओं को अंकसूची प्रदान की गई। कक्षा नवमी में लक्ष्मी वर्मा प्रथम, तनु वर्मा द्वितीय, कक्षा 11वीं कला संकाय में ऋतु यादव प्रथम और मनीष यदु ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य रीता शर्मा ने बताया कि सरपंच मोगरा वर्मा ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप लंच बॉक्स प्रदान किया।

पर्यावरण बचाना सबकी जिम्मेदारी

जालबांधा। स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन और संजय देवांगन के निर्देशन में विश्व वायुमंडल दिवस का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. गुप्ता ने इस मौके पर कहा कि विश्व वायुमंडल दिवस मनाने का उद्देश्य वायुमंडल के महत्व के प्रति लोगों में जनजागरूकता पैदा करना है। वायुमंडल हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि ऑक्सीजन जीवन के लिए आवश्यक है वहीं ओजोन परत सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी किरणों से रक्षा करती है। वाणिज्य विभागाध्यक्ष श्री देवांगन ने बताया कि पर्यावरण में वायुमंडल का विशेष महत्व है। वायुमंडल से ही मौसमी घटनाएँ होती हैं और इसकी परतें धरती के तापमान को संतुलित रखती हैं। वायुमंडल प्रदूषण एक बड़ा खतरा बन गया है। कार्यक्रम में प्राध्यापक और छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

पोषण पखवाड़ा में व्यंजन स्पर्धा

गंडई पंडरिया। पोषण पखवाड़ा अंतर्गत छिराहीडीह में मनोरंजक व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहित महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पौष्टिक एवं स्वादिष्ट व्यंजनों का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गौरी राजपूत, सतरूपा यादव, तीजकुंवर, राधा, दुलेश्वरी, जमुना निषाद, चैती निषाद और दुर्देश बुढ़ारिया ने विभिन्न पारंपरिक और पौष्टिक व्यंजन प्रस्तुत किए। इन व्यंजनों की प्रस्तुति आकर्षक थी साथ ही वह स्वाद और पोषण के मामले में उत्कृष्ट थे। कार्यक्रम में बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे क्षेत्र में 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा मनाया जाएगा।

शोभायात्रा में थिरके श्रद्धालु

गंडई पंडरिया। गंडई नगर में हनुमान जयंती के अवसर पर हिन्दू युवा मंच ने भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया। हिन्दू युवा मंच के पदाधिकारी, सदस्य और नगर के युवा मंगलवार को गंडई के प्राचीन राम मंदिर में एकत्रित हुए। यहां से विशाल शोभायात्रा का आगाज हुआ। शोभायात्रा में हनुमान, नव दुर्गा और अन्य देवी-देवताओं की मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रही।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - ल्यूकोरिया, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, श्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

बैठक

कलेक्टर ने बाल विकास विभाग की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

आंबा केंद्रों का नियमित निरीक्षण करें विभागीय अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों के अलावा सभी परियोजना अधिकारियों एवं सेक्टर सुपरवाइजरों को आंगनबाड़ी केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण कर वहां सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

इसके अलावा उन्होंने अधिकारी–कर्मचारियों को फील्ड में भी लगातार दौरा कर शासकीय योजनाओं का निर्धारित समयावधि में समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं।

बैठक में चन्द्रवाल ने सभी परियोजना अधिकारियों से अपने–अपने परियोजना के अंतर्गत आंगनबाड़ी भवन निर्माण एवं मरम्मत कार्य के अलावा आंगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के अलावा शौचालय निर्माण के कार्य की प्रगति के संबंध में बारी–बारी से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को इन सभी कार्यों को प्राथमिकता के साथ निर्धारित समयावधि में पूरा कराने के निर्देश भी दिए। इस दौरान चन्द्रवाल ने अधिकारियों से आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं तथा बच्चों की दर्ज संख्या के अलावा उनकी उपस्थिति के आंकलन के संबंध में प्रारंभ किए गए पोषण ट्रेकर एप्प में ऑनलाईन एंट्री के कार्य के संबंध में भी जानकारी ली।

उन्होंने अधिकारियों को इस कार्य को शत प्रतिशत सही एवं त्रुटिरहित ढंग से पूरा कराने तथा इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं तथा विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों को समुचित प्रशिक्षण भी प्रदान कराने के निर्देश दिए। इस संबंध में उन्होंने सभी परियोजना अधिकारियों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश देने को कहा। चन्द्रवाल ने जिले के सभी शौचालय विहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों में शौचालय निर्माण हेतु विभाग को प्रस्ताव भेजने के भी निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु चल रहे भतएँ प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को भतएँ प्रक्रिया को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने जिले में संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर में चल रहे भतएँ प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी ली। चन्द्रवाल ने अधिकारियों को भतएँ प्रक्रिया को समय–सीमा में पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में चन्द्रवाल ने पूरक पोषण आहार कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को गर्म भोजन के वितरण के कार्य की भी जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों के सुरक्षा के उपाय सुनिश्चित करने हेतु पुराने भवनों का जाँच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में चन्द्रवाल ने समाज कल्याण विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने घरौंदा, नशामुक्ति केंन्द्र एवं प्रशामक गृह की व्यवस्थाओं तथा वहां निवासरत लोगों को प्रदान की जाने वाली भोजन, नाश्ता, स्वच्छ पेयजल तथा अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने इन स्थानों पर निवासरत लोगों को समय पर भोजन, नाश्ता आदि प्रदान करने के अलावा उनके इलाज की समुचित व्यवस्था करने तथा इन संस्थानों में शौचालय, साफ–सफाई एवं मनोरंजन आदि की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने समाज कल्याण विभाग के उप संचालक एवं अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को इन संस्थानों का नियमित रूप से फील्ड विजिट करने के निर्देश भी दिए।

आरक्षण मुद्दे पर स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने विधायक भेड़िया को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

पदोन्नति में आरक्षण की संवैधानिकता के दावा को पुख्ता करने के लिए स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारी कर्मचारियों ने विधायक अनिला भेड़िया को ज्ञापन सौंपा।

परिवार कल्याण एवं स्वास्थ्य विभाग डौंडीलोहारा के अनुसूचित जाति, जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारियों ने विधायक अनिला भेड़िया से मुलाकात की और 2019 से तात्कालिन एवं वर्तमान सरकार द्वारा पदोन्नति में आरक्षण की संवैधानिकता को किस प्रकार कृत्रिम बाधित किया जा रहा है, की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि न्यायालय द्वारा छग सरकार को तीन महीने के भीतर पदोन्नति प्रक्रिया को प्रारंभ करने क्वांटिटी फायबल डाटा एकत्र कर जमा करने का निर्देश दिया गया ह, लेकिन छग सरकार एकल सदस्यीय पिंगुआ समिति गठित कर पिछले 11 माह से यह प्रक्रिया लंबित है, जिसके कारण एस सी एस टी के अधिकारी कर्मचारी पदोन्नति के लाभ से वंचित हो रहे हैं। प्रतिनिधि मंडल ने विधायक से कहा कि आरक्षण है तो हम हैं और विधायक सांसद मंत्री सीएम सब कुछ हैं। बिना आरक्षण के हमारा कोई अस्तित्व नहीं है। इसके लिए पदोन्नति में आरक्षण के समर्थन में 19 अप्रैल को एस सी एस टी अधिकारी कर्मचारी एवं सामाजिक संगठन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित डॉ. बाबा साहब आंबेडकर की जयंती कार्यक्रम के बारे में भी विधायक को अवगत कराया गया।

अचनाक निरीक्षण में बालोद पहुंची महिला बाल विकास मंत्री, अधिकारी-कर्मचारियों के लापरवाही की खुली पोल

मंत्री की समीक्षा बैठक में गायब अधिकारियों पर गिरेगी गाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

महिला बाल विकास विभाग द्वारा नियमित निरीक्षण एवं औचक निरीक्षण के दावा की पोल विभाग के अधिकारी या जिला प्रशासन ने नहीं विभाग के मंत्री ने खोली। अब विभाग कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है। दो लोगों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, वहीं एक कर्मचारी पर बर्खास्तगी की तलवार लटक गई है।

महिला बाल विकास द्वारा संचालित विभिन्न केन्द्रों का निरीक्षण करने का एक पूरा सिस्टम है, पर्याप्त संख्या में कर्मचारी भी पदस्थ है, लेकिन विभाग कैसे कार्यों की खानापूर्ति करता है उसका आईना बुधवार को बालोद जिला प्रवास पर पहुंची विभाग की मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने प्रशासन को दिखा दिया। मंत्री ने बालोद का दौरा अचानक किया। प्रशासन को भी इसकी पूर्व सूचना नहीं थी, माना जा रहा है कि मंत्री का यह दौरा भाजपा के स्थानीय संगठन द्वारा प्रदेश संगठन व शासन को दिए जा रहे फिडबैक के आधार पर हुआ। जिले से मिल रहे फिडबैंक की सच्चाई जानने ही मंत्री अचानक जिला मुख्यालय पहुंच गई। मंत्री के अचानक दौरे से प्रशासन सकते में आ गया था।

मंत्री की समीक्षा बैठक के दौरान जिला महिला बाल विकास के कार्यक्रम अधिकारी नदारद थे। बताया गया कि वे पेशी में गए हैं, अब वे पेशी में गए है या नहीं इसकी जांच के लिए मंत्री ने विभाग के सचिव को कहा है।

विभिन्न केन्द्रों का निरीक्षण के दौरान मंत्री को लगभग प्रत्येक जगह त्रुटि नजर आई, वे नाराज भी हुई, लेकिन सबसे गंभीर त्रुटि मंत्री को बालोद नगर पालिका क्षेत्र के पाररास आंगनबाड़ी केन्द्र में दिखी, जहां दर्ज रजिस्टर में बच्चों की उपस्थिति संख्या 15 बताई गई, लेकिन केन्द्र में 5 बच्चे ही मिले। मंत्री ने कड़ा रूख अपनाया तो जिला प्रशासन ने आनन फानन मे एकीकृत बाल विकास परियोजना अधिकारी बालोद निराजना दिवसे व पर्यवेक्षक सेक्टर बालोद शहरी पूजा रावटे को देर रात्रि में कारण बताओ नोटिस थमा दिया एवं कार्यकर्ता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की तैयारी प्रशासन कर रहा है इसमें उसकी बर्खास्तगी भी हो सकती है।

सेजेस के परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

पीएम श्री सेजेस डौंडीलोहारा में सत्र 2024-25 का कक्षा 9वीं एवं 11वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम मुख्य अतिथि माया ठाकुर एवं संस्था प्राचार्य डीआर देवहरे तथा स्थानीय परीक्षा प्रभारी डीके साहू एवं सुश्री मनीषा साहू की उपस्थिति में घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम में कक्षा 9वीं अंग्रेजी माध्यम में 78 प्रतिशत जिसमें पलक सिन्हा ने 95.67 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, कक्षा 11वीं विज्ञान एवं वाणिज्य में परिणाम 78 प्रतिशत रहा, जिसमें 11वीं विज्ञान में तानिया योगी 95.40 प्रतिशत तथा 11वीं वाणिज्य में डॉली मार्गेकर 89 प्रतिशत स्थान लेकर प्रथम रही। कक्षा 9वीं हिन्दी माध्यम में परिणाम 70 प्रतिशत रहा, जिसमें जिज्ञासा साहू ने 95.17 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, कक्षा 11वीं कला, विज्ञान एवं वाणिज्य में परिणाम 72 प्रतिशत रहा। जिसमें 11वीं कला में सोनालिका 85 प्रतिशत, 11वीं विज्ञान में प्रतिभा 80 प्रतिशत तथा 11वीं वाणिज्य में गरिमा 66 प्रतिशत स्थान लेकर प्रथम स्थान पर रही। परीक्षा परिणाम घोषणा के समय व्याख्याता गण एनआर देशमुख, एमडी साहू, रोहिणी नायक, अभिषेक सहारे, प्रीतम कंवर, दीपशिखा हिरवानी, रश्मि पाण्डे, कल्पना खरे, मेनका ठाकुर, योगेश सिंह, जोबिन मैथ्यू, सालिक पटेल, शशांक साहू, मंजू ताम्रकार एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। शाला परिवार ने सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

जैन मुनियों से मारपीट का डौंडी जैन समाज ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

सिंगोली के समीप कछाला बस स्टैंड स्थित बालाजी मंदिर में 13 अप्रैल रात 12 बजे के आसपास विश्राम हेतु ढहरे जैन संतों के साथ असामाजिक तत्वों द्वारा जो जगन्य मारपीट की गई वह असम्य है। इसकी जैन समाज डौंडी घोर नींदा करते हुए दोषियों के खिलाफ शख्त कार्रवाई की मांग की गई। डौंडी जैन समाज के प्रमुख उत्तम लोढ़ा, सुनील, मांगी लाल गुणधर, पारस बाघमार, संतोष ढेलढीया, रतन लाल जी कोठारी, लाल चंद जैन, लक्ष्मीकांत जैन ने कहा कि मुनियों के साथ जो मारपीट व कुकृत्य किया गया वह मानव समाज को कलंकित करने वाला है। वह बदमाश इंसान नहीं इंसान के रूप में नरपिशाच है।

ऐसे जाहिल शैतानों को उनके इस अपराध के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन को कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाकर शख्त से शख्त सजा दिलवाई जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार का कृत्य किसी भी समाज के संतों व मुनियों के साथ घटित किए जाने से पहले अपराधी 100 बार सोचने को मजबूर हो जाए । समाज के अशोक कोठारी, विशाल गुणधर, कमलेश गुणधर ने कहा कि अहिंसा के पुजारी वह अहिंसा का संदेश जन-जन तक पहुंचने वाले और मोह माया से दूर रहने वाले जैन मुनियों के साथ इस प्रकार की मारपीट की जाना अति चिंतनिय है। जिसकी जितनी निंदा की जाए व कम है।

भगवान महावीर गौतम, बुद्ध व गांधी के देश में अहिंसा के पुजारीयो के साथ इस प्रकार की घटना पूरे मानव समाज को शर्मसार कर देने वाली घटना है। भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पूर्णावर्ती ना हो इसके लिए प्रशासन को अपराधियों के खिलाफ शख्त कार्रवाई की जाना चाहिए। श्री जैन संघ डौंडी के उपाध्यक्ष राजेंद्र नाहर की ओर से नीमच के पास कछाला गांव में तीन जैन संतों पर हुए हमले की निंदा की है।विश्राम करते समय जैन संतों पर हुए जानलेवा हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। राजेंद्र नाहर ने कहा कि सिंगोली के निकट कछाला में विगत रात जैन संतों के साथ हुई घटना की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ त्वरित व कठोर कार्रवाई करें ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो, अहिंसा को परम धर्म मानकर समस्त मानवता और सभी जीवों के कल्याण के लिए अपना जीवन जीने वाले संतों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ एवं सुख साता की प्रार्थना करता हूं।

जैन संतों पर हमले का विरोध, सामाजिक सदस्यों ने दोषियों को फांसी देने मांग की

दल्लीराजहरा। मध्य प्रदेश के नीमच जिले के कछला क्षेत्र में हनुमान मंदिर परिसर में जैन संतों पर हुए हमले और लूटपाट के प्रयास ने पूरे जैन समुदाय को झकझोर कर दिया है। इस घटना के विरोध में छत्तीसगढ़ के दल्लीराजहरा में सकल जैन समाज ने जोरदार विरोध किया और दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की। दल्लीराजहरा जैन समाज के सदस्यों ने इस घटना को धार्मिक सहिष्णुता पर हमला बताते हुए दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं समाज में भय का माहौल पैदा करती हैं और धार्मिक स्थलों की पवित्रता को भंग करती हैं। प्रदर्शन के दौरान जैन समाज के नेताओं ने प्रशासन से मांग की कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए ठोस कदम उठाए जाएं। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में आक्रोश की लहर पैदा कर दी है, और जैन समाज ने स्पष्ट किया है कि जब तक दोषियों को उचित सजा नहीं मिलती, उनका आंदोलन जारी रहेगा।

धनोरा में श्रीमद्भागवत कथा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम धनोरा के स्व. गोवर्धन स्रे के स्मृति में उनके परिवार द्वारा श्री मदभागवत कथा का आयोजन किया गया है, जिसके कथा वाचक पं. तिलेन्दर महाराज राका है।

उन्होंने दही लुट के मार्मिक कथा बतायी और बच्चों की झांकी से सभी भक्तों को मंतर मुग्ध कर दिया। सभी भक्त बाजे गाजे के थाप पर नाचने लगे। कथा दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक मां शितला प्रांगन धनोरा में जारी है।

उन्होंने कहा श्री कृष्ण राधा की जन्म एवं विवाह श्रीमदभागवत सुनकर राजा परीक्षित अपने जीवन को धन्यमय कर लिए तो हम भी श्री कृष्ण की कथा रसपान कर अपने जीवन को कृतार्थ करें। इस कार्यक्रम के मुख्य यजमान वासुदेव स्रे, संगीता स्रे, उपसरपंच सुंदर स्रे, मुंगा स्रे, संतोष स्रे, सीता स्रे है।

आंबेडकर जयंती पर निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईखदान

भारतीय बौद्ध महासभा के नेतृत्व में जिला स्तरीय आंबेडकर जयंती का आयोजन किया गया। बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष संतोष कामडे के नेतृत्व में सुबह मोटर साइकिल रैली निकालकर नगर भ्रमण करने के बाद शाम को बड़ी संख्या में बौद्ध उपासक उपासिकाओं ने पैदल जुलूस निकाला।

- आयोजन में शामिल हुए बौद्ध अनुयायी, बाबा साहब को किया पुण्य नमन

रैली आंबेडकर भवन से निकलकर अलग-अलग मोहल्ले में भ्रमण करने के पश्चात वापस आंबेडकर भवन पहुंची। समाज के जिला अध्यक्ष और अतिथियों ने संविधान निर्माता डॉ बीआर आंबेडकर तथा बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। लोगों ने द्वारा सामूहिक त्रिशरण और पंचशील का पाठ किया। इस मौके पर राजा गिरिराज किशोर दास वैष्णव, संजय महोबिया, सज्जाक खान, नवनीत जैन, मंसाराम सीमकर, मधुकर चौखंदे, उत्तम बागडे, संतोष कामडे, अमृता कांडे सहित अन्य उपस्थित थे। इस मौके पर कांग्रेस नेता संजय महोबिया ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने ऊंच नीच की भेदभाव मिटा कर अच्छा संदेश दिया है। जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष सज्जाक खान ने कहा कि डॉ. आंबेडकर जैसा पढ़ा लिखा व्यक्ति अब कोई नहीं है। उन्होंने 32 डिग्री हासिल की और उन्हें 34विषयों में महारत हासिल किया था। नवनीत जैन ने आंबेडकर को सुलझा व्यक्ति बताया जिन्होंने समाज को संगठित करने का प्रयास किया।

पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गिरिराज किशोर दास वैष्णव ने बाबा साहेब को अनुकरणीय बताते हुए नमन किया। उन्होंने सभी से बाबा साहब के रास्ते पर चलने और नाम रोशन करने का आव्हान किया। संचालन रवि बसोड़ और आभार प्रदर्शन मंशाराम सिंमकर ने किया। ग्राम दर्री और बेंदरकट्टा में भारत रत्न डॉ अंबेडकर की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई।